कि हम दिल्ली में 10 टच स्क्रीन वाले कियास्क लगाने जा रहे हैं जहां
ी लोग अपने एलपीजी अकाउंट को मैनेज कर सकते हैं. वे बुकिंग का स्टेटस,
ट्रांसफर आदि के बारे में यहां जानकारी हासिल कर सकते हैं.

त्री ने बताया कि हिंदी में 'माई एलपीजी' पोर्टल 1 फरवरी
ब्ध होगा और 10 क्षेत्रीय भाषाओं जैसे उड़िया, तमिल और
भी उसके तुरंत बाद उपलब्ध होगा. सरकारी कंपनियों के
और गैस एजेंसियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा
क कम से कम 75-80 फीसदी एलपीजी उपभोक्ताओं के
या आधार नंबर 23 फरवरी को संसद का बजट सत्र शुरू
होने से पहले लिंक हो जाए.

नंबर से जुड़ चुकी है.

■ 15 नवंबर को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम 'पहल' के लांच होने के बाद से 2,820 करोड़ रुपये उपभोक्ताओं के अकाउंट में ट्रांसफर किए जा चुके हैं.

■ 'पहल' स्कीम सरकार की उस स्ट्रैटजी का हिस्सा है जिसके तहत सरकार ने एलपीजी गैस की कालाबाजारी को रोकने की योजना बनाई है.

2016 का T-20 विश्वकप भारत में

एजेंसियां

ICC World T20 2016, INDIA

दुबई. भारत वर्ष 2016 में 11 मार्च से तीन अप्रैल तक चलने वाले ट्वेंटी 20 विश्वकप जबकि इंग्लैंड वर्ष 2019 में इस प्रारूप में टूर्नामेंट की मेजबानी की जिम्मेदारी संभालेगा. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वर्ष 2015 में यहां हुई अपनी पहली बैठक में अपने निर्णय की जानकारी दी. आईसीसी मुख्यालय में हुई बैठक में वैश्विक संस्था ने वर्ष 2015 से 2019 के बीच आईसीसी टूर्नामेंटों के कार्यक्रम पर चर्चा के दौरान भारत को 2016 और इंग्लैंड को 2019 में ट्वेंटी 20 विश्वकप मेजबानी का जिम्मा सौंपा. भारत टूर्नामेंट की मेजबानी 11 मार्च से तीन अप्रैल तक करेगा.

2019 का इंग्लैंड में

इंग्लैंड अगले चार वर्ष में तीन आईसीसी टूर्नामेंटों की मेजबानी करेगा जिसमें 30 मई से 15 जुलाई तक ट्वेंटी 20 विश्वकप 2019 भी शामिल है. वर्ष 2017 में इंग्लैंड में एक से 19 जून तक चैंपियंस ट्रॉफी और चार से 27 अगस्त तक महिला विश्वकप की मेजबानी भी करेगा.

जीता दिल

झांकी को मिला पहला स्थान

नागपुर के लेजिम डांस ने मोहा मन

नागपुर स्थित दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र को लेजिम डांस के लिए सांत्वना पुरस्कार घोषित किया गया है. वहां के 180 लड़के-लड़कियों ने यह डांस किया था.

बच्चों
में
पहला
है.

■ सेना वर्ग में ब्रिगेड आफ गार्ड्स व सिख रेजीमेंटों को मार्च के लिए संयुक्त रूप से प्रथम स्थान मिला, जबकि सीआईएसएफ ने भी अपनी श्रेणी में यही स्थान प्राप्त किया.

अब हवा से बनेगा पानी

दिन भर में 30 ली. तक उत्पादन

कार्यालय संवाददाता

मुंबई. देश में पानी की बढ़ती समस्या को देखते हुए आर.ए.ग्रुप ने भारत का पहला एयर-वाटर जनरेटर का निर्माण किया है. इस जनरेटर की सहायता से दिन भर में सामान्यतयः 9 से 30 लीटर पानी बनाया जा सकेगा. मुंबई और ठाणे जैसे इलाके में जहां पानी की किल्लत है, ऐसी जगह पर इस मशीन की उपयोगिता अहम हो सकती है. आर.ए. ग्रुप के सी.ई.ओ. अनित अस्थाना ने बताया कि यह मशीन बिजली के अलावा सौर ऊर्जा से भी चलाई जा सकती है. यह मशीन हवा से नमी सोखकर रासायनिक प्रक्रिया के बाद पानी बनाती है. जिन इलाकों में नमी अधिक होगी वहां औसतन अधिक पानी बनेगा.

अस्थाना के मुताबिक इस तकनीक को सरकार भी प्रोत्साहित कर रही है, जिससे वैज्ञानिकों को प्रोत्साहन मिल रहा है. केन्द्र सरकार की निर्मल जल अभियान के अंतर्गत नागपुर के जीवनदीप मल्टीपर्पज प्राइवेट लि. नामक कंपनी ने 15 हजार यूनिट मशीन वितरित करने का निर्णय लिया है. इन मशीनों को आगामी 3 माह में बांटा जाएगा.

देश के लिए वरदान

महाराष्ट्र के कई इलाकों में पानी की भारी कमी है, जहां के लिए यह तकनीक वरदान सिद्ध हो सकती है. जिन इलाकों में पानी की कमी है, वहां इस मशीन को सस्ते दरों पर उपलब्ध कराने की बात कंपनी के कार्यकारी अधिकारी अस्थाना ने की है. वर्तमान में पूरे देश में लाखों ऐसे गांव हैं, जहां पानी की कमी है. और ग्रामीण औरतों को घर से काफी दूर पानी के लिए जाना पड़ता है. ऐसे इलाकों के लिए यह मशीन कारगर सिद्ध हो सकती है.